





# पीएम के नेतृत्व में गढ़ रहे नया भारत

## स्वास्थ्य और रेल नेटवर्क के विस्तार से सुगम हुआ जीवन : केंद्रीय मंत्री

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने शनिवार को अपने खंडवा प्रवास के दौरान 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीते एक दशक में भारत की तस्वीर बदली है, जहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रेल नेटवर्क के अभूतपूर्व विस्तार ने आम आदमी के जीवन को सुगम और सुरक्षित बनाया है।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट परिसर स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल के चौथे खेल दिवस समारोह एक गाथा खेल के नाम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इससे पूर्व, उन्होंने निमाड़ की आस्था के केंद्र संत सिंगाजी



महाराज की समाधि पर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 वर्षों में केंद्र सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों और खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। देश और प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेजों की श्रृंखला और फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि सरकार अधोसंरचना विकास के प्रति कितनी गंभीर है। उन्होंने कहा कि कृषि, उद्योग, विद्युत और सिंचाई सुविधाओं में हुई वृद्धि ने नागरिकों की परेशानियों को कम किया है और जीवन स्तर को ऊंचा उठाया है।

समारोह में खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने ग्रामीण विकास और खेल प्रतिभाओं के उन्नयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज गांव-गांव में स्कूल, आंगनवाड़ी, अस्पताल, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच चुकी हैं। सांसद ने प्रधानमंत्री की पहल %सांसद खेलकूद प्रतियोगिता% की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर लाने का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों के विकास पर भी पूरा ध्यान दे रही है। हर जिले में आधुनिक खेल परिसरों और स्टेडियमों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने के समान अवसर मिल रहे हैं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, 'विकसित मप्र का सपना हो रहा साकार

मांधाता विधायक नारायण पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित मध्य प्रदेश का सपना तेजी से साकार हो रहा है और प्रदेश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सेवादास पटेल, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रतना शर्मा, बाल भारती पब्लिक स्कूल की प्राचार्य श्रीमती ज्योति गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूल स्टाफ और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में धरना, प्रशासन सख्त

## हंगामे के बीच हटा धरने का टेंट

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुस्तैनी जमीन पर हुई बोल्डोजर कार्रवाई के विरोध में टेंट लगाकर धरने पर बैठे लोगों को प्रशासन ने सख्ती के साथ हटा दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और प्रशासनिक अमले के बीच जमकर बहसबाज़ी भी हुई। प्रदर्शनकारी अपनी जमीन को पुस्तैनी बताते हुए कार्रवाई को गलत ठहरा रहे थे और मौके पर ही विरोध दर्ज करा रहे थे।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक कार्रवाई वैधानिक प्रक्रिया के तहत की गई है और किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर धरना स्थल से टेंट हटवाया गया और प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाया गया। प्रशासन की सख्ती के चलते कुछ समय के लिए तनाव



की स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी से हालात पर जल्द ही काबू पा लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने या पुनः धरना लगाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नज़र मे

### जिला अस्पताल में इको कार्डियोग्राफी सुविधा से मरीजों को राहत

**खंडवा.**श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में अब मरीजों को इको कार्डियोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने बताया कि अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक 12 में यह जांच की जा रही है। बीते तीन माह में लगभग 100 मरीजों की इको कार्डियोग्राफी जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को यह सुविधा पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही है, जबकि आयुष्मान कार्ड न होने पर मात्र 500 रुपये शुल्क लिया जा रहा है, जो निजी अस्पतालों की तुलना में काफी कम है। जांच से पहले मरीजों का ब्लड प्रेशर व डायबिटीज परीक्षण किया जाता है। एमडी मेडिसिन डॉ. दीपशिखा इवने, डॉ. सागर मालवीय एवं नर्सिंग ऑफिसर मधु सिंह द्वारा आवश्यक परामर्श भी दिया जाता है। सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि इस पहल से जिले के मरीजों को समय पर, कम खर्च में हृदय रोग जांच की सुविधा मिल रही है।

### नानी बाई का मायरा कथा के समापन अवसर पर स्वच्छता शपथ एवं सम्मान

**खंडवा.**झोन क्रमांक 4 अंतर्गत दादाजी वार्ड क्रमांक 27 में आज दिनांक 17 जनवरी 2026 को भवानी माता मंदिर परिसर में संयुक्त कहार समाज समिति द्वारा आयोजित नानी बाई का मायरा कथा के अंतिम दिवस पर विशेष आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कथा वाचक मुस्कान शर्मा दीदी जी का सहायक आयुक्त महोदया द्वारा पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान खंडवा को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के संकल्प के साथ कथा वाचक मुस्कान शर्मा दीदी जी के मुख से उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। आयोजन में सहायक आयुक्त श्रीमती प्रियंका मेड़ा, झोन प्रभारी श्री सखाराम भट्ट, वार्ड जमादार श्री विजय वर्मा, श्री राजेश घारू, आईईसी टीम सहित भवानी माता मंदिर के पुजारी श्री राजेंद्र बाबा एवं समिति के सदस्य श्री अखिलेश बाबनिया, श्री संतोष मौरे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।यह आयोजन नगर निगम खंडवा द्वारा जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल रहा।

### वैशाली मेगामार्ट से सटी डीपी हटाने के निर्देश, प्रशासन हरकत में

**खंडवा।** नवभारत समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर प्रशासन सक्रिय हो गया है। सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर सिंह ने वैशाली मेगामार्ट प्रबंधन को स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि दो दिनों के भीतर अवैध रूप से लगाई गई डीपी हटाई जाए। तय समय-सीमा में कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में बिजली आपूर्ति बंद करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही भवन अनुमति के विपरीत किए गए निर्माण को हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासनिक जांच में भवन में एक मीटर अतिरिक्त निर्माण पाया गया है, जिसे नियमानुसार तोड़ने के लिए प्रबंधन को मोहलत दी गई है। प्रशासन का कहना है कि नियमों के उल्लंघन पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और आगे भी सख्त निगरानी जारी रहेगी।

### पंधाना में यातायात व महिला अपराधों पर जागरूकता कार्यक्रम

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन में 1 से 31 जनवरी 2026 तक चल रहे यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत नवोदय विद्यालय पंधाना में संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुलोचना गेहलोद एवं पंधाना थाना पुलिस द्वारा लगभग 350 विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इसमें यातायात संकेत, वाहन चलाते समय सावधानियां, आवश्यक दस्तावेज, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, नो-पार्किंग व नो-एंट्री नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही केसलेस योजना, राहवीर योजना सहित अन्य योजनाओं से अवगत कराया गया। महिला थाना प्रभारी द्वारा बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों व सुरक्षा उपायों पर भी जागरूक किया गया।

# यातायात सुधारने के लिए नगर परिषद की बैठक

**ओंकारेश्वर।** स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पवित्र नगरी ओंकारेश्वर में स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु नगर परिषद कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। ओंकारेश्वर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में न्यू बस स्टैंड से संचालित बस, टेंपो ट्रेवल्स, टूरिस्ट बस, टैक्सी एवं टेंपो चालकों के साथ चर्चा की गई।बैठक में पत्रकार संघ, बस ट्रैवल एजेंट, टेंपो यूनियन के प्रतिनिधि एवं वाहन चालक उपस्थित रहे। वाहन चालकों ने पार्किंग से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनका समाधान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मोनिका पारधी एवं राजस्व निरीक्षक श्री



नीरज रावत ने किया। सभी से निर्धारित स्थलों पर पार्किंग, स्वच्छता बनाए रखने एवं नगर परिषद को सहयोग देने की अपील की गई। साथ ही श्रद्धालुओं से भी सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाने की अपील की गई। नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

# अनुभूति शिविर : विद्यार्थियों ने जाना वन्य प्राणियों का महत्व

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** वन मंडल खंडवा सामान्य के वन परिक्षेत्र चांदगढ़ सामान्य अंतर्गत मध्य प्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड भोपाल के निर्देशन अनुसार स्कूल विद्यार्थियों का प्रशिक्षण सह जागरूकता अनुभूति शिविर का आयोजन दिनांक 17.01.2026 को वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 283 तीन पुलिया बैरियर पर किया गया, जिसमें शासकीय उमावि पामाखेड़ी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय नंदाना एवं सीनियर बालक छात्रावास नर्मदानगर के 120 छात्र छात्राओं ने भाग लिया, मास्टर ट्रेनर श्री मुकेश राठौर सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक ने छात्र छात्राओं को वन एवं वन्य प्राणी, के महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया गया, शिविर में श्री मानसिंह खराड़ी एस



डी ओ पुनासा , श्री प्रेम सिंह दाहिया परिक्षेत्र अधिकारी चांदगढ़ सामान्य, स्वास्थ्य विभाग अमला पुलिस विभाग अमला एवं जन प्रतिनिधि व वन परिक्षेत्र चांदगढ़ सामान्य का समस्त वन अमला उपस्थित रहा। अनुभूति शिविर का समापन शाम 4:30 किया गया एवं स्कूल से आए सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाया गया।

# सिंगाजी में मुक्तिधाम की मांग

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सिंगाजी, गेहलगांव, छाल्पी, सालिखेड़ा, सोमगांव एवं कौड़ियाखेड़ा सहित आसपास के ग्रामों के लोगों को परिजन के निधन पर दाहसंस्कार के लिए सिंगाजी स्थित नर्मदा नदी तट पर जाना पड़ता है। मुक्तिधाम जैसी समुचित व्यवस्था न होने से यह समस्या वर्षों से बनी हुई है।शनिवार को केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के संत श्री सिंगाजी महाराज समाधि स्थल दर्शन के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि रामदास राठौर ने सिंगाजी में मुक्तिधाम निर्माण की मांग रखी। उन्होंने बताया कि कई ग्रामों की आबादी यहां आश्रित है, जिससे शोकाकुल परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।जनप्रतिनिधियों ने नदी किनारे दाहसंस्कार के दुष्प्रभावों पर भी चिंता जताई। इससे नर्मदा जल



प्रदूषण की आशंका, अधजले अवशेषों से पर्यावरण असंतुलन, बरसात में स्वच्छता व जनस्वास्थ्य पर विपरीत असर तथा श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने की बात कही गई। उपस्थित जनों ने मुक्तिधाम को पर्यावरण संरक्षण और सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक बताते हुए शीघ्र निर्माण की मांग की।

# रुक्मणि विवाह के प्रसंग में झूमे भक्त

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** ग्राम बोरगांव बुजुर्ग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस में निमाड़ माकड़खेड़ा मंडलेश्वर की गौरव सुश्री दीदी चेतना भारती ने कहा की जीवन पानी के बुलबुले की भाति क्षणिक है; कौनसी स्वास भीतर जाएं और बाहर ना आए इसका कोई भरोसा नहीं है। अतः समय रहते जीवन को सही दिशा में मोड़ देना चाहिए, खुद को ऊर्जा रहते बिना वृद्धावस्था का इंतजार करते हुए युवा अवस्था रहते परमात्मा को अर्पित कर देना चाहिए क्युकी भगवान पर सुंदर और ताजे पुष्प ही अर्पित होते है, बासी और कुमलाए हुए पुष्प नहीं अर्पित होते।

दीदीश्री ने रुक्मणि मंगल की पावन कथा का बखान किया और श्री कृष्ण और रुक्मणि के मंगल विवाह की कथा श्रवण करवाई। जब जीव अंतर्मन से आत्मीयता से संपूर्ण प्राण से आर्द्र होकर





पुकारता है तो परमात्मा को आना ही पड़ता है। रुक्मणि ने पाती लिखी और कृष्ण को पूरे प्राणों से पुकारा तो पूर्ण पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण को आना ही पड़ा और रंगमहल के दस दरवाजे थे परंतु कोनसा द्वार खुला रह गया और रुक्मणि जाकर कृष्ण में विलीन हो गई। आत्मा का परमात्मा में विलीन हो जाना ही रुक्मणि मंगल है।

आज कथा की पूर्णाहुति है वृंदावन रूप में परिवर्तित हो चुका समस्त ग्राम एवं आसपास के भक्तजन बड़े भाव से कथा का श्रवण कर रहा है।

# जिपं अध्यक्ष और पति पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में सहकारिता और जावर उद्वहन सिंचाई योजना में हुए भ्रष्टाचार की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि अब जिले की सर्वोच्च ग्रामीण संस्था 'जिला पंचायत' का शीर्ष नेतृत्व ही भ्रष्टाचार के भंवर में फंस गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े और उनके पति भाजपा नेता सुदेश वानखेड़े पर एक साथ गंभीर आर्थिक अनियमितताओं के आरोप लगने से सियासी गलियारों में हड़कंप मच गया है। इसे महज इत्तेफाक कहें या सियासत, लेकिन एक तरफ पत्नी पर पद के दुरुपयोग कर रिश्वत मांगने का आरोप लगा है, तो दूसरी तरफ पति के पुराने कार्यकाल का %गबन का जिन्न% बोतल से बाहर आ गया है।ताजा





विवाद जनपद पंचायत खंडवा की ग्राम पंचायत दौंडवाड़ा से जुड़ा है। यहां के सरपंच धर्मचंद सामनेर ने सीएम हेल्पलाइन (181) पर शिकायत दर्ज कराई है कि जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े उनसे पंचायत भवन निर्माण के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रही हैं। मामला 36 लाख रुपये की लागत से बने पंचायत भवन का है। सरपंच का आरोप है कि अध्यक्ष ने पंचायत सचिव हरकचंद को फोन कर अपने घर बुलाया और पैसों की मांग रखी। सरपंच का दावा है कि जब वे अध्यक्ष के घर गए तो मुलाकात नहीं हुई, लेकिन बाद में सचिव के जरिए 50 हजार रुपये की डिमांड की गई।

हालांकि, इस मामले में अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े ने पलटवार करते हुए इसे %बदनाम करने की साजिश% करार दिया है।

उनकी दलील है कि निरीक्षण के दौरान उन्हें भवन निर्माण में घटिया सामग्री और अनियमितता मिली थी, जिसकी शिकायत उन्होंने सीईओ और कलेक्टर से की थी। उनका कहना है कि इसी कार्रवाई से बचने के लिए सरपंच ने उन पर झूठे आरोप मढ़े हैं। पत्नी पर लगे आरोपों की आग ठंडी भी नहीं हुई थी कि अध्यक्ष पति और ग्राम पंचायत हापला के पूर्व सरपंच सुदेश वानखेड़े पर 13.04 लाख रुपये के गबन का पुराना मामला फिर से गूंजने लगा। शिकायतकर्ता मोहम्मद हामिद ने मुख्यमंत्री और लोकायुक्त को दस्तावेजों के साथ शिकायत भेजी है। आरोप है कि सुदेश वानखेड़े ने वर्ष 2007-09 के दौरान अपने सरपंच कार्यकाल में %कपिलधारा कूप निर्माण योजना% में जमकर धांधली की। दस्तावेजों के अनुसार, नूरमोहम्मद, जमनाबाई, गंगाबाई समेत 14 ग्रामीणों के नाम पर राशि तो निकाल ली गई, लेकिन मौके पर कुएं नहीं बने।

शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि पूर्व में वसूली के आदेश निकलने के बावजूद, राजनीतिक रसूख के चलते सुदेश वानखेड़े ने सरकारी पैसा जमा नहीं किया।जिले की %फर्स्ट फैमिली% पर लगे इन दोहरे आरोपों ने प्रशासन और संगठन दोनों को असहज कर दिया है।

एक ओर सीएम हेल्पलाइन में दर्ज रिश्वत की शिकायत है, तो दूसरी ओर लोकायुक्त तक पहुंची गबन की फाइल। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन राजनीतिक दबाव को दरकिनार कर जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर पाएगा और क्या 13 लाख के गबन के मामले में रसूखदार पति से वसूली हो पाएगी? फिलहाल, इन खुलासों ने खंडवा की पंचायत राजनीति में भूचाल ला दिया है।